an>

Title: Need to scrap PAN card requirement for purchase of gold to facilitate villagers and poor people.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे पवित्र सदन में देश के गरीब किसान, अशिक्षित और व्यापारी लोगों को स्पर्श करने वाला मुद्दा उठाने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। पूरे देश में एक लाख से ज्यादा आभूषण की खरीद पर पैन कार्ड अनिवार्य रूप से दाखिल करने के बाद उस आधार पर बिल बनाने की प्रथा दाखिल करना सरकार के विचाराधीन है। बहुत अच्छी बात है लेकिन अभी पूरे देश में सभी ग्रामीण, किसान और अशिक्षित लोगों के पास पैन कार्ड उपलब्ध नहीं हैं।...(व्यवधान) ऐसी स्थिति में जब वे लोग आभूषण खरीदेंगे तो किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर आभूषण खरीदना आवश्यक हो जाता है। इसकी वजह से दूसरे लोगों और व्यापारियों को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा बिना बिल की खरीद बिक्री के लिए प्रोत्साहित होंगे।...(व्यवधान) इसलिए आपके माध्यम से संबंधित माननीय मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि सरकार चाहे तो पैन कार्ड के अलावा भी दूसरी कोई अनिवार्यता जैसे कोई पहचान-पत्र, राशन-कार्ड, बैंक एकाउंट नम्बर आदि लगा सकती है जिसकी वजह से गैर-कानूनी प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके। धन्यवाद।